2 राजस्थान पत्रिका patrika.com
सीकर, शनिवार, 28 अगस्त, 2021

# स्पोर्ट्स माडल यूनाइटेड में दिखाई प्रतिभा



**पिलानी @पत्रिका.** इंटरनेशनल स्पोर्ट्स माडल यूनाइटेड में बिरला शिशु विहार स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया है। ऑन लाइन आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय टीम ने भाग लेकर सहभागीता निभाई। जीडी गोयनका विद्यालय सूरत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्पोर्ट्स माडल में विद्यालय प्राचार्य पवन वशिष्ठ मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में कोरोना काल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के प्रति जागरूकता पैदा की गई। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अनुशासन, संघर्ष, विजय, आकांक्षा संगठन एवं साहस आदि गुणों के लिए खेल के महत्व को प्रतिपादित किया। कार्यक्रम में विद्यालय टीम ने कोच बिजेन्द्र सिंह शेखावत, श्यामा प्रसाद दत्ता, रीटा शर्मा एवं दिव्या मुद्गल के नेतृत्व में भाग लिया।

दैनिक भास्कर

# खेलों से सर्वांगीण विकास होता है: वशिष्ठ

**पिलानी** | बिरला शिशु विहार के तत्वावधान में शुक्रवार को जीडी गोयनका सूरत द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्पोर्टस मॉडल यूनाइटेड नेशंस का ऑनलाइन आयोजन किया गया। प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने बताया कि पिछले काफी समय से बच्चे घरों में रहकर अध्ययन कर रहे हैं और काफी बच्चे खेल मैदान से दूर रह रहे हैं। ऐसी स्थिति में खेलो के आयोजन से काफी मदद मिलेगी। खेल मनोरंजन के साथ-साथ मानसिक व बौद्धिक विकास में भी सहायक है। इस मौके पर श्यामाप्रसाद दत्ता, बिजेंद्रसिंह शेखावत, रीटा शर्मा, दिव्या मुदगल सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।